## खबर संक्षेप

### ननि का स्थगित परिषद सम्मिलन आज होगा

**कटनी।** नगर पालिक निगम कटनी का 11 नवंबर 2025 को आयोजित स्थगित सम्मिलन, का आयोजन शुक्रवार 28 नवंबर को अपरान्ह 2 बजे से नगर निगम कार्यालय के परिषद हॉल में नगर निगम अध्यक्ष मनीष पाठक की अध्यक्षता में आयोजित किया गया है। उक्त सम्मिलन में शेष कामकाज के विषयों पर चर्चा की जायेगी।

### बेघरों को रैन बसेरा पहुंचाने सौंपा दायित्व

**कटनी।** राज्य शासन द्वारा वर्तमान शीत ऋतु के दौरान शीतलहर के प्रकोप को देखते हुए नगर निगम सीमा अंतर्गत शहरी बेघरों को आश्रय घटक अंतर्गत संचालित आश्रय स्थलों में पहुंचाने हेतु निर्देशित किया गया है। निर्देश के परिपालन में उपायुक्त शैलेष गुप्ता द्वारा तत्काल प्रभाव से एक आदेश जारी करते हुए अतिक्रमण दस्ता प्रभारी श्री मानेन्द्र सिंह को अपने निर्देशन में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी माह फरवरी 2026 तक प्रतिदिन रात्रि 9 बजे से 12 बजे तक शहर में भ्रमण कर खुले में सोये हुए व्यक्ति को रैन बसेरा तक पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए है।

### जिला पंचायत सीईओ ने की सुनवाई, समाधानकारक उत्तर नहीं देने पर कार्यवाही तय

# अपात्रों को लाभ दिलाने एवं खरीदी में 17 पंचायतों में 41 लाख रुपए की घपलेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिला पंचायत सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर ने गुरुवार को 17 ग्राम पंचायतों में की गई वित्तीय अनियमितताओं, गुणवत्ताहीन कराए गए निर्माण कार्यों, अपात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने एवं गलत जिओटैग किए जाने के संबंध में मप्र पंचायतराज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत प्रकरणों की वन टू वन सुनवाई की। सुश्री कौर ने जहां एक ओर ग्राम पंचायतों के पक्ष को बेहद धैर्य के साथ प्रस्तुत जवाब साक्ष्य और दस्तावेजों का अवलोकन कर सुना। वहीं दूसरी ओर दोषी पाए जाने एवं समाधान कारक उत्तर प्राप्त नहीं होने पर सख्त विधिसंगत कार्रवाई करते हुए धारा 92 के तहत शासकीय राशि की वसूली की कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### इन पंचायतों ने की अनियमितता

मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम के अंतर्गत भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करते हुए सोलर लाइट क्रय किए जाने के प्रकरणों में ग्राम पंचायत भखरवारा, छपरा, मवई ,बरतरा,चांदनखेड़ा, सिहुंडी (बाकल), पटीराजा, मझगवा मटवारा, चरगवा, भेड़ा , कूड़न द्वारा 27,60,000 रुपए की सोलर लाइट की नियम विरुद्ध खरीदी किए जाने के संबंध में धारा 89 के तहत प्रकरणों पर सुनवाई की। संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा समाधान कारक उत्तर नहीं पाए जाने पर धारा 92 के तहत नियमानुसार राशि की वसूली की कार्यवाही की जाएगी।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत सलैया फाटक के ग्राम रोजगार सहायक द्वारा तीन अपात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिए जाने के संबंध में पक्ष सुना गया। इन पर शासकीय राशि 4,05,000 रुपए की स्वीकृति दी गई है। ग्राम पंचायत खजुरा की निर्माण एजेंसी द्वारा वर्ष 2017-18 में नवीन तालाब निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण तरीके से पूर्ण नहीं कराए जाने पर प्राप्त शिकायत के संबंध में सुनवाई हुई। तालाब की स्वीकृत राशि 6 लाख 19 हजार है। ग्राम पंचायत बनगवा के ग्राम रोजगार सहायक द्वारा गलत जिओ टैग कर हितग्राही को लाभ दिए जाने के संबंध में सुनवाई हुई। ग्राम पंचायत पोंसरा द्वारा 320000 रुपए के स्वीकृत निर्माण कार्यों को पूर्ण नहीं कर जाने के संबंध में भी सुनवाई हुई।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत खलवारा के सरपंच, सचिव एवं उपयंत्री द्वारा 4,91,000 रुपए की लागत से स्वीकृत सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य मानकों के अनुसार नहीं कराए जाने पर पक्ष सुना गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत बहोरीबंद के तत्कालीन सरपंच एवं सचिव के प्रकरण पर भी सुनवाई हुई। कुल मिलाकर जिला पंचायत की सीईओ एवं विहित प्राधिकारी सुश्री कौर ने 41 लाख 4 हजार से अधिक की वित्तीय अनियमिताओं और गुणवत्ता विहीन कार्यों, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत अपात्र व्यक्तियों को लाभान्वित कराए जाने के संबंध में प्राप्त शिकायतों के विरुद्ध की गई कार्यवाहियों को लेकर ग्राम पंचायतों का पक्ष धैर्य के साथ सुना एवं रीडर शाखा के प्रभारी अधिकारी पंकज नामदेव को निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान संबंधित ग्राम पंचायत के तत्कालीन एवं वर्तमान सचिव मौजूद रहे।



# ट्रक व बस में हुई भिड़ंत, यात्रियों में मचा हड़कंप, बाल बाल बचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी थाना क्षेत्र में रूड़ मूड गांव के पास गुरुवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा टल गया। प्रतापगढ़ से सूरत जा रही एक यात्री बस और सामने से आ रहे ट्रक के बीच सीधी भिड़ंत हो गई। बस में लगभग 50 यात्री सवार थे, जो सभी सुरक्षित बताए जा रहे हैं।

### अगला भाग क्षतिग्रस्त

टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना से यात्रियों में हड़कंप मच गया, लेकिन किसी भी यात्री को गंभीर चोट नहीं आई। यात्रियों के अनुसार, यह हादसा बस चालक की लापरवाही के कारण हुआ। उन्होंने बताया कि चालक ने सामने से आ रहे ट्रक को अचानक देखा और समय पर बस पर नियंत्रण नहीं कर पाया, जिससे बस सीधे ट्रक से टकरा गई। टक्कर की आवाज से इलाके में हड़कंप मच गया।

हादसे की सूचना मिलते ही रीठी थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और क्षतिग्रस्त बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस ने घबराए यात्रियों को शांत कराया और उन्हें प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई। इसके बाद, यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए दूसरी बस की व्यवस्था की गई।

पुलिस की सक्रियता और सूझबूझ से सभी यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया। हेल की इस पूरे मामले को लेकर थाने में दोनों ही पक्षों की तरफ से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराई गई है।

### सर्व ब्राह्मण समाज ने अपराधिक मुकदमा दर्ज करने सौंपा ज्ञापन

# अभद्र टिप्पणी पर बढ़ा आक्रोश, आईएएस को बर्खास्त करने मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में गुरुवार को आईएएस संतोष वर्मा द्वारा की गईं अभद्र टिप्पणी का विरोध प्रदर्शन करते हुए देश की महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपकर आक्रोश जताया है। सर्व ब्राह्मण समाज की तहसील शाखा बहोरीबंद द्वारा आईएएस को तत्काल प्रभाव से बर्खास्त करते हुए आपराधिक मुकदमा दर्ज करने की मांग की है।सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा एसडीएम राकेश चौरसिया के माध्यम से सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि विगत दिनों आईएएस संतोष वर्मा के द्वारा ब्राम्हण समाज की बहन बेटियों के प्रति अभद्र टिप्पणी को लेकर पूरे प्रदेश में सम्पूर्ण ब्राम्हण सम्प्रदाय व ब्राम्हण समाज में जन आक्रोश छाया हुआ है। चूंकि संतोष वर्मा आईएएस अजाक प्रदेश अध्यक्ष नवनियुक्त के द्वारा सामाजिकता को पार करते हुए एवं नैतिक मूलो व नैतिक दायित्वों को भूलते हुये बहन बेटियो के प्रति की गई अशोभनीय टिप्पणी निदनीय है। इससे सम्पूर्ण सामाजिक व्यवस्था में विद्वेष उत्पन्न करने का कुत्सित प्रयास है जिससे देश कि सम्प्रभुता को हानि है। जिससे सम्पूर्ण ब्राम्हण समाज के द्वारा सतोष वर्मा के विरुद्ध अपराधिक प्रकरण दर्ज किये जाने हेतु एवं तत्काल प्रशासनिक पद एवं दायित्वों से बर्खास्त किये जाने की मांग की गई हैं।

सौपे गये ज्ञापन के माध्यम से अल्टीमेटम भी दिया गया कि यदि एक सप्ताह के भीतर यदि आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ कार्रवाई नही होती तो सम्पूर्ण प्रदेश मे सवर्ण एवं ब्राम्हण समाज के लोग कदम उठाकर आंदोलन करेगे जिसकी सम्पूर्ण जबाबदारी शासन व प्रशासन की होगी। साथ ही राष्ट्रपति के मांग की गई है आईएएस संतोष वर्मा के विरुद्ध अपराधिक मामला दर्ज कराया जाये।

इस दौरान रवि पांडे,अजय गर्ग, पप्पू दुबे, मनीष मिश्रा, राकेश गर्ग, पप्पू प्यासी,संदीपन पाठक,गिरीश मिश्रा,बलभद्र दुबे, दीपक बाजपेयी सहित सर्व ब्राह्मण समाज सदस्य मौजूद रहे।

# रेलवे स्टेशन के समीप चली चाकू, युवक की हालत गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर के मुख्य रेलवे स्टेशन के समीप गुरूवार शाम चाकूबाजी की घटना हुई। रेलवे ठेकेदार के अंडर काम करने वाले शशांक शुक्ला निवासी बैलेटघाट पर दो अज्ञात लोगों ने चाकू से हमला किया। हमले के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। गंभीर रूप से घायल शशांक शुक्ला को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उसका इलाज चल रहा है। युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे कहना है कि शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि हमला पुरानी रंजिश के चलते किया गया। थाना प्रभारी ने कहा, दो लोगों ने रेलवे मेन गेट के सामने शशांक पर चाकू से हमला किया और भाग गए। उनकी तलाश की जा रही है और हमलावर जल्द ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश में छापेमारी और गश्त तेज कर दी है। अधिकारियों ने कहा कि जल्द ही इस मामले को सुलझाने का दावा किया गया है। चाकूबाजी की घटना से रेलवे स्टेशन और आसपास के नागरिकों के लिए सुरक्षा संबंधी चिंता का विषय बन गई है। हालांकि पुलिस आरोपी को पकड़ने में जुटी हुई है।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे कर्मी की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मालगाड़ी की चपेट में आने से रेलवे के एक कर्मचारी की मौत हो गई। घटना कटनी-एनकेजे थाना क्षेत्र के सी-केबिन के पास हुई। मृतक की पहचान रविंद्र बहादुर दुबे 41 पिता बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे निवासी एनकेजे के रूप में हुई है। रविंद्र बहादुर दुबे पिछले 12 सालों से ट्रैक मेंटेनर के पद पर कार्यरत थे। घटना के समय वे सी-केबिन के पास लाइन पर मेंटेनेंस (एनआई वर्क) का काम कर रहे थे।

जानकारी के अनुसार, रविंद्र बहादुर दुबे रेल लाइन के नट-बोल्ट दुरुस्त कर रहे थे। इसी दौरान, जब वे लाइन पार कर रहे थे तो बिलासपुर की तरफ से कटनी आ रही एक तेज रफ्तार मालगाड़ी की चपेट में आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल जीआरपी पुलिस को दी गई।

### मामले की हो रही जांच

सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जीआरपी कटनी के एएसआई डीपी मिश्रा ने बताया कि कंट्रोल रूम से रेलवे कर्मचारी के ट्रेन की चपेट में आने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि मौके पर पंचनामा तैयार किया गया है। प्रथम दृष्टया जांच में यह हादसा ट्रैक क्रॉस करते समय होना सामने आया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।



### स्वास्थ्य व नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन

**स्लीमनाबाद।** मप्र जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति पिपरिया परौहा के द्वाराभारतीय संविधान दिवस पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। साथ ही "संविधान द्वारा प्राप्त मौलिक अधिकार एवं कर्तव्य" विषय पर संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण जनमानस में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा संविधान द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं कर्तव्यों की समझ विकसित करना था।स्वस्थ शिविर का शुभारंभ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ तेज सिंह केसवाल की उपस्थिति में हुआ। स्वास्थ्य शिविर में अनुभवी चिकित्सक डॉ शारदा शाहू, तुलसी चौधरी, अरुण ठाकुर द्वारा ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई एवं आवश्यकता अनुसार दवाइयां निःशुल्क वितरित की गईं।

शिविर में नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, सामान्य स्वास्थ्य जांच, महिला स्वास्थ्य परामर्श सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की गईं।

### नेशनल पार्क सटे होने से आवासीय क्षेत्र में आ जाते हैं जीव जंतु

# 8 फीट लंबे अजगर को देख उड़े होश, रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बरही नगर के रिहायशी क्षेत्र में गुरुवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया जब सूर्य सनातन हनुमान मंदिर के पास राम सुजान पाल के घर में करीब 8 फीट लंबा अजगर दिखाई दिया। इलाके की यह घटना इसलिए भी चिंताजनक है क्योंकि यह क्षेत्र बांधवगढ़ नेशनल पार्क से सटा हुआ है, जिससे वन्यजीवों का रिहायशी मोहल्लों में आना आम होता जा रहा है।

### कड़ी मशक्कत से पकड़ा

अजगर दिखने की सूचना मिलते ही बरही निवासी और सर्प मित्र हैरिसन हैंडरी उर्फ बबलू को बुलाया गया। वन्यजीव रेस्क्यू में विशेषज्ञ हैरिसन कुछ ही समय में मौके पर पहुंचे और सावधानीपूर्वक रेस्क्यू अभियान शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अजगर को सुरक्षित रूप से पकड़कर बोरे में बंद किया और बाद में उसे आबादी से दूर जंगल में छोड़ दिया।

स्थानीय निवासियों के अनुसार, यह हाल के दिनों में दूसरी घटना है जब इसी मोहल्ले में अजगर दिखाई दिया है। इससे पहले लगभग 10 फीट लंबे एक अजगर को भी सर्प मित्र द्वारा रेस्क्यू किया गया था। बरही क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों से वन्यजीवों की उपस्थिति लगातार बढ़ रही है। पहले तेंदुए की दस्तक, फिर हाथियों का झुंड और अब बार-बार अजगर के दिखाई देने से लोग दहशत में हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नेशनल पार्क से नजदीकी होने के कारण वन्य प्राणी अक्सर नगर परिषद क्षेत्र में प्रवेश कर जाते हैं। इससे न सिर्फ भय का माहौल बनता है, बल्कि वन विभाग के लिए भी यह बड़ी चुनौती है कि वन्यजीवों को आबादी से दूर रखा जाए। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि किसी भी वन्य जीव के दिखने पर घबराएं नहीं और तुरंत सूचना दें, ताकि समय रहते सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 149. विजय कुमार डोंगरे पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - प्रेम नगर लोधी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 150. केशव देवांगन पिता\पति हेमलाल देवांगन पता - बीरगांव वार्ड क्र. 26, 151. गौरव साहू पिता\पति मनी साहू पता - सुदामा नगर टिकरापारा रायपुर, 152. ज्योत्सना चौकीदार पिता\पति स्व. सेवक राम डोंगरे पता - पहाड़ी पारा गुढ़ियारी रायपुर, 153. मनीष साय पिता\पति मोहन साय पता - आर.डी.ए छोटी कॉलोनी टिकरापारा, 154. खूबचंद साहू पिता\पति दीनदयाल साहू पता - भनपुरी रायपुर, 155. अनीता ध्रुवंशी पिता\पति स्व. लक्ष्मी सिंह ध्रुवंशी पता - राधास्वामी नगर रायपुर , 156. संस्कार सोनकर पिता\पति स्व. दीपक सोनकर पता- ब्रम्हदेव कॉलोनी भाटागाँव रायपुर, 157. टिकेश्वर साहू पिता\पति जय प्रकाश साहू पता - बोरिया कला, 158. अनीता पटेल पिता\पति देवसिंह पटेल पता - ग्राम पोस्ट टेकारी (कुंडा), 159. हरीश कुमार साहू पिता\पति नारायण साहू पता-परसदा जोशी, 160. अभिषेक साहू पिता\पति द्वारिका प्रसाद साहू पता-शंकर नगर कोष्टा पारा वार्ड 25, 161. डागेश मंडावी पिता\पति चंद्रहास मंडावी पता-सेहरा डबरी वार्ड 08 कॉलोनी, 162. पुर्वांशी साहु पिता\पति रीकेश कुमार साहु पता- रावन भाटा नगरी, 163. उमभावानी साहू पिता\पति शिवकुमार साहू पता- टेड़ेसरा, 164. झाविश साहू पिता\पति रोमलाल साहू पता-कौरिन भाठा बसंतपुर, 165. निशा साहू पिता\पति नरेन्द्र कुमार साहू पता- टेड़ेसरा राजनादगांव, 166. घनश्याम प्रसाद शर्मा पिता\पति अयोध्या प्रसाद पता- वार्ड न. 11 बेमेतरा, 167. विधान मिश्रा पिता\पति प्रफुल्ल मिश्रा पता- भानुप्रतापपुर, 168. रामपाल साहू पिता\पति स्व. रामेशर साहू पता- घुमका, 169. साक्षी घोस पिता\पति एस. घोस पता- न्यू हाउसिंग वार्ड कॉलोनी जगदलपुर, 170. भामा यादव पिता\पति राकेश कुमार यादव पता-कलेक्ट्रेट कॉलोनी मचेवा, 171. संदीप पाण्डेय पिता\पति रामजी प्रसाद पता- कवर्धा, 172. भाव्या पिता\पति अश्वनी कुमार पता-बुगबड़ा 173. देव सिंह बघेल पिता\पति कपिल राम बघेल पता- बांधापारा कोंडागांव, 174. शिव रानी पिता\पति आर. त्रिमूर्तिय पता- भिलाई सेक्ट -9 हॉस्पिटल, 175. देविका सोनी पिता\पति हरीश कुमार सोनी पता-दुर्ग, 176. देवनाथ देबांगन पिता\पति स्व. कवल सिंह देबांगन पता- म.न. 95 वार्ड न. 56 बघेरा दुर्ग, 177. अशोक सिन्हा पिता\पति दुकालू राम सिन्हा पता- गया नगर दुर्ग, 178. सृष्टि चौधरी पिता\पति स्व. राजेश चौधरी पता- प्लाट न. 4/5 राधिका नगर भिलाई, 179. भारती साहू पिता\पति युवराज साहू पता-EWS 8/2 कोसा नगर दुर्ग, 180. टेरेन्स ठाकुर पिता\पति येदलाल ठाकुर पता- वर्मा हार्डवेयर रामनगर मुक्ति धाम भिलाई, 181. आरुशी टंडन पिता\पति हरीश टंडन पता- राम चौक रामनगर सुपेला भिलाई, 182. गरिमा सिन्हा पिता\पति राजेंद्र प्रसाद सिन्हा पता- सुपेला पांच रास्ता भिलाई, 183. कनक लता दिल्लीवार पिता\पति जनक लाल दिल्लीवार पता-विनायकपुर दुर्ग, **बिलासपुर संस्करण** - 184. प्रहलाद सिंह नेताम, पिता/पति-- दाऊराम नेताम, पता - अश्वग्रीन कॉलोनी, सेंदरी जिला बिलासपुर, 185. अक्जा सिद्दिकी, पिता/पति- फिरोज अहमद सिद्दिकी पता- लिंक रोड बिलासपुर, 186. कृष्ण कुमार यादव पिता/पति- स्व.रामस्वरूप यादव, पता- मगरपारा बिलासपुर, 187. विशेष कुमार महानंद पिता/पति- राजकुमार महानंद, पता- जबड़ापारा सरकंडा, बिलासपुर, 188. रविशंकर मिश्रा पिता/पति- अयोध्या प्रसाद मिश्रा पता- सरकंडा, बिलासपुर, 189. मयंक ऊके पिता/पति- अरविंद ऊके, पता- मगरपारा, बिलासपुर, 190. नीलू कुमारी पिता/पति- स्व. यूवेल कुमार, पता- आधार विद्या मंदिर, तालापारा, बिलासपुर, 191. कुंदन कटैलिहा, पिता/पति- नर्मदा कटैलिहा पता- सदर बाजार, बिलासपुर, 192. नंदलाल कोसले पिता/पति- शिव कुमार कोसले, पता- इमलीभाठा, बंधवापारा, बिलासपुर 193. जे. बी. सिद्दिकी पिता/पति- मो. तौफीक सिद्दिकी, पता- इंद्रपुरी रोड, शांति नगर, तिफरा, बिलासपुर, 194. रितेश जग्गा पिता/पति- नानकराम जग्गा, पता- बिलासपुर 195. चंद्रकली टंडन, पिता/पति- स्व. अशोक कुमार सूर्यवंशी पता- सोनवानी गली, मंझवापारा, बिलासपुर, 196. कौशिल्या शर्मा पिता/पति- स्व.गोधन शर्मा पता- दीनदयाल कॉलोनी, मंगला, बिलासपुर, 197. मंजूलता पटेल पिता/पति- नरेशराम पटेल, पता- मंगला, बिलासपुर, 198. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति- भगवानीराम कौशिक पता- पेण्डारी, बिलासपुर, 199. स्वाति बाजपेयी पिता/पति- उज्वल बाजपेयी, पता- वार्ड नं. 16, वैशाली नगर, बिलासपुर, 200. सुधीर खंडेलवाल पिता/पति- स्व. विष्णु स्वरूप जी पता- ग्रीन गार्डन कालोनी बिलासपुर, 201. सरिता जायसवाल पिता/पति- दीपक जायसवाल, पता- एल आई जी 47, दीनदयाल कॉलोनी, मंगला बिलासपुर, 202. अशोक सूर्यवंशी पिता/पति- गेंदलाल सूर्यवंशी, पता- राजीव गांधी चौक, जरहाभाठा बिलासपुर, 203. तापस चटर्जी पिता/पति- स्व.एम.चटर्जी, पता- हेमू नगर, बिलासपुर, 204. पायल अग्रवाल पिता/पति- स्व. सी.एल. अग्रवाल, पता- तेलीपारा सरजू बगीचा बिलासपुर , 205. देवहूति चंद्रा पिता/पति- केशवराम चंद्रा पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर, 206. गंगोत्री बाई कौशिक पिता/पति-कोमल प्रसाद कौशिक, पता- हांफा, बिलासपुर, **भोपाल संस्करण** - 207. मनीष प्रजापति पिता\पति - उदमसिंह प्रजापति पता-जगदीशपुर इस्लाम नगर, 208. भूरी बाई पिता\पति - दिनेश कुमार पता-इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 209. अर्शी शेख पिता\पति - आबिद शेख पता- म न 340 हनीफ कॉलोनी भोपाल, 210. मुकेश सेन पिता\पति- प्रेम नारायण सेन पता-52 ग्राम इस्लाम नगर बैरसिया रोड भोपाल, 211. देवेन्द्र भावसार पिता\पति - जानकी वल्लभ पता- भावसार जीरापुर, 212. रमेशचंद्र राठौर पिता\पति - पन्नालाल राठौर पता- जीरापुर, 213. नेहा पिता\पति - रामचंद्र जीरापुर, 214. कनिष्का राठौर पिता\पति - रामबाबू राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, **जबलपुर संस्करण** - 215. संध्या पिता\पति - विजय उसरेठे कुमार पता- कटनी, 216. तन्मय सेन पिता\पति - रत्नेश सेन पता-भट्टा मोहल्ला मुड़वारा कटनी, 217. शिवांश सिंधिया पिता\पति - अमित सिंधिया पता- डॉ राजेंद्र प्रसाद वार्ड मंडला, 218. विकास मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह पता- मरावी आमानाला मंडल, 219. रजनी मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 220. राकेश मरावी पिता\पति - रेवंत सिंह मरावी पता-आमानाला मंडल, 221. दिव्यांजली वर्मा पिता\पति - धीरेंद्र कुमार विश्वकर्मा पता-पाली उमरिया, 222.संदीप कुमार द्विवेदी पिता\पति - रमेश प्रसाद द्विवेदी बार्ड नंबर 1 समनापुर अनूपपुर।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### युवती से अभद्रता करने पर मामला दर्ज

**कटनी**। खेत में काम करने के लिए पहुंची एक युवती के साथ युवक ने अभद्र व्यवहार किया। युवती ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 74, 75(1), 296(बी) व 351(3) के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र की रहने वाली 28 वर्षीय प्रार्थिया ने शिकायत में बताया कि 26 नवंबर को दोपहर लगभग 3 बजे अपने पति और पिता द्वारा किराए पर लिए गए खेत में कार्य से पहुँची थीं। उसी दौरान उनकी मुलाकात बब्बी चौरसिया से हुई। जब खेत के गेट की चाबी मांगी तो युवक ने उन्हें अपने घर चलने का दबाव बनाया। आरोप है कि युवक ने बुरी नीयत से हाथ पकड़ा। विरोध करने पर गाली-गलौज भी की। घटना के दौरान फरियादी के के पिता और भतीजे वहाँ पहुँच गए। शिकायत में बताया गया है कि उनके पहुँचने पर भी आरोपी ने झगड़ा किया। उसी समय मौके से गुजर रहे अन्य लोगों ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए वहाँ से चला गया। घटना के बाद प्रार्थिया अपने परिजनों के साथ थाना पहुँचीं और शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश और जांच शुरू कर दी है।

### आटो चालक की दिखाई ईमानदारी, छूटा बैग युवक को वापस लौटाया

**कटनी**। एक युवक को बैग आटो में छूट गया जिसमें लैपटाप सहित मोबाइल व रूपए रखे थे। आटो चालक ने ईमानदारी का परिचय देते हुए थाना पहुंचा, इसी बीच युवक भी थाना पहुंच गया। पुलिस ने युवक को उसका बैग वापस लौटाया एवं आटो चालक की ईमानदारी की प्रशंसा की। मामला रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक अंकित वासनिक रीठी से सवारी छोड़कर कटनी के भट्टा मोहल्ला स्थित अपने घर लौटे थे। ऑटो पार्क करते समय उन्हें पीछे की सीट पर रखा एक काले रंग का बैग दिखाई दिया। बैग देखते ही उन्हें याद आया कि यह रीठी जाने वाले युवक का है। अंकित तुरंत रंगनाथ नगर थाना पहुंचा और बैग को थाना प्रभारी अरुण पाल सिंह के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बैग मालिक से संपर्क साधने की कोशिश शुरू कर दी। करीब रात 11 बजे बैग के मालिक आकाश निगम 26 निवासी रीठी थाने पहुंचे। बैग सुरक्षित देखकर उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा। आकाश ने बताया कि वे मंगलवार शाम साउथ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे और रीठी जाने के लिए ऑटो लिया था, लेकिन पहुंचने पर बैग वहीं छूट गया था। पुलिस की मौजूदगी में जब बैग खोला गया तो उसमें मौजूद लैपटॉप, मोबाइल, पर्स, नगदी और अन्य सामान बिल्कुल सुरक्षित मिला। कोई भी सामान गायब नहीं था। आकाश निगम ने पुलिस और ऑटो चालक अंकित के प्रति आभार जताया।

### स्वच्छता बनाये रखने किया जा रहा निरीक्षण

**कटनी**। नगर निगम प्रशासन द्वारा शहर की स्वच्छता को लेकर महापौर श्रीमती प्रीति सजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार सभी वार्डों में सफाई कर्मियों की उपस्थिति, कार्य-क्षेत्र और समय-सारिणी का डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से निरीक्षण किया जा रहा है, जिससे किसी भी क्षेत्र में सफाई संबंधी लापरवाही की संभावना कम हो सके। प्रातःकालीन प्रथम पाली में मुख्य बाजार एवं व्यस्त मार्गों की सफाई को प्राथमिकता दी जा रही है, जबकि आवासीय क्षेत्रों में नालियों की सफाई, कचरा संग्रहण तथा झाड़ू कार्य निर्धारित समयानुसार किया जा रहा है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों को तय रूट प्लान के अनुसार चलाने के भी निर्देश दिए गए हैं, जिससे गीला व सूखा कचरा पृथक रूप से संग्रहित होकर सीधे निस्तारण केंद्र तक पहुंच सके। रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था के तहत विगत रात्रि बस स्टैंड परिसर, यात्री प्रतीक्षालय, रैन बसेरा, मैकेनिक लाइन परिसर, सुभाष चैक से मुख्य रेल्वे स्टेशन पहुंच मार्ग, साधुराम स्कूल से मिशन चौक मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य मार्गों की सफाई उपरांत कचरे का उठाव कार्य किया गया।

नगर के सार्वजनिक स्थलों एवं तिराहे चौराहों में अलाव जलाने की व्यवस्था

# बांदलो के छंटते ही शीतलहर से बढ़ी ठिठुरन मौसमी बीमारियां भी दिखाने लगी असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



बीते कुछ दिनों से आसमान में बादल छाए हुए थे जिससे ठंड का असर कुछ कम हो गया था लेकिन बांदलों के छंटते ही शीतल हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई है। अधिक ठंड होने से दिनचर्या भी प्रभावित होने लगी है। मौसम में बदलाव के चलते मौसमी बीमारियों का भी प्रकोप बढ़ने लगा है। सर्दी, खांसी बुखार से लोग ग्रसित हो रहे हैं। दिन में धूप निकलने से थोड़ी राहत जरूर मिल रही है लेकिन ठंडक का अहसास दिन भर बना रहता है। ठंड बढ़ने की वजह से हर वर्ग के लोग सुबह गर्म कपड़ों में दिख रहे हैं। शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर लोग कचरा एकत्रित कर आग जलाकर ठंड से बचने का प्रयास कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन द्वारा अभी शहर में अलाव की व्यवस्था कराई गई है। इन दिनों दिन का अधिकतम तापमान 25 डिग्री चल रहा है, जबकि रात में तापमान का पारा गिरने के साथ न्यूनतम 10 से 12 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया है।

ठंड शुरू होने के बाद लोगों का दिनचर्या बदल गया। अलसुबह लोग उठ तो रहे हैं, लेकिन गर्म कपड़ों के साथ बाहर निकल रहे हैं। वहीं, शहर व गांवों के चौक-चौराहों पर ठंड से राहत पाने के लिए अलाव जलना भी शुरू हो गया है। वहीं बाहर जाने वाले लोग गर्म कपड़ों के साथ जा रहे हैं। ठंड होने के साथ अलसुबह हल्का कोहरा छाया रहता है।

### वूलन कपड़ों का बाजार सजा

ठंड शुरू होने के साथ शहर में गर्म कपड़ों का बाजार सज गया है। कपड़ा व्यवसायी अब जैकेट, शाल, कंबल समेत अन्य गर्म कपड़े बेच रहे हैं। नगर के मुडवारा स्टेशन पहुंच मार्ग के बीच गर्म कपड़ों का बाजार लगा हुआ है। इसके अलावा ग्रामीण अंचल में कपड़ा व्यवसायी गर्म कपड़ा का व्यवसाय ज्यादा कर रहे हैं।

शहर में ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन ने शहर के चौराहों, तिराहों, बस स्टेण्ड सहित सार्वजनिक स्थलों में लकड़ियों की व्यवस्था उपलब्ध कराई गई है। इससे शाम और रात के समय राहगीरों यात्रियों को ठंड की मार न झेलनी पड़े। कुछ दिन पहले तक बदली की वजह से ठंड कम थी। लेकिन मौसम साफ होते ही जिले में अब ठंड होने लगी है। तापमान गिरने से लोगों को दिन भर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। सुबह के समय धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने लगता है और ठंड बढ़ती जाती है।

### बंद कमरों में कोयले का उपयोग करना पड़ सकता है भारी

कार्बन मोनोऑक्साइड विषाक्तता का खतरा बंद कमरों में अंगीठी या फायर पॉट का उपयोग करने से होता है, जिससे जान का खतरा बढ़ सकता है। इसलिए बंद कमरों में अंगीठी फायर पॉट का प्रयोग न करें। फ्रॉस्टबाइट के दौरान त्वचा सफेद या फीकी पड़ सकती है। कंपकंपी, मांसपेशियों में अकड़न, बोलने में कठिनाई, अधिक नींद आना, सांस लेने में कठिनाई और बेहोशी जैसे लक्षण दिख सकते हैं। यह एक मेडिकल इमरजेंसी है और इसके लिए तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। हाइपोथर्मिया से प्रभावित व्यक्ति को तुरंत गर्म कपड़े पहनाएं और उसे गर्म स्थान पर रखें। कंबल, तौलिया या चादर से शरीर को ढकें। गर्म पेय पदार्थ देकर शरीर के तापमान को बढ़ाएं। लक्षणों के बढ़ने पर तुरंत चिकित्सीय सहायता लें। शराब का सेवन न करें, क्योंकि यह शरीर के तापमान को घटाता है और रक्त धमनियों में संकुचन करता है। फ्रॉस्टबाइट प्रभावित अंगों को रगड़ने से बचें, इससे और अधिक नुकसान हो सकता है।



# घटयात्रा के साथ बंगला मंदिर में कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्री 1008 चंद्रप्रभु दिग.जैन बंगला मंदिर में प.पू.मुनिश्री 108 पदम सागर महाराज के सानिध्य में 1008 समोशरण महामण्डल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ के अवसर पर ध्वजारोहण चौधरी ऋषभ कुमार संगीता जैन द्वारा किया गया। हुकुमचंद जैन बंगला मंदिर में विराजमान अतिशयकारी चमत्कारी 1008 श्री चंद्रप्रभ भगवान के पंच दिवसीय भव्य कार्यक्रम का शुभारंभ 26 नवंबर से हुआ। यह उत्सव 30 नवंबर तक चलेगा। कार्यक्रम बाहुबली कॉलोनी में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर के परम प्रभावक शिष्य मुनिश्री 108 पदम सागर के सानिध्य में आयोजित किया जा रहा है।

यह जानकारी कार्यक्रम संयोजक राकेश जैन कक्का ने दी। 26 नवंबर की सुबह कार्यक्रम की शुरुआत भव्य घटयात्रा से हुई जो विभिन्न मार्गों से होते हुए बंगला मंदिर पहुँची। इसके बाद मंत्रोच्चार के साथ ऋषभ/संगीता जैन पिंकी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके उपरांत समोशरण में मुनिश्री पदम सागर जी विराजमान हुए।

### धर्मलाभ लेने की अपील

कार्यक्रम के पश्चात रात्रि में चक्रवर्ती प्रवीण जैन द्वारा भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। मुनि श्री पदम सागर जी के प्रवचन सुबह 9:30 बजे से होते हैं। आयोजकों ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से उत्सव में भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

आवागमन बाधित करने वालों के विरूद्ध ननि के अमले ने की कार्यवाही

# मार्ग अवरूद्ध कर व्यवसाय करने पर हुई कार्रवाई, 3 हजार का ठोंका जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नागरिकों के सुगम आवागमन सहित सुचारू सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार द्वारा निगम के अतिक्रमण शाखा के अधिकारियों को नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो का भ्रमण कर आवागमन बाधित कर व्यवसाय करने वालों पर नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए है।

### चलाया जा रहा अभियान

निगमायुक्त सुश्री परिहार के निर्देशों के अनुपालन में अतिक्रमण शाखा द्वारा नगर भ्रमण कर कार्यवाही का सिलसिला जारी है। इसी श्रंखला में गुरूवार प्रातः नगर निरीक्षण के दौरान वंशस्वरूप वार्ड स्थित भट्ठा मोहल्ला अंतर्गत बारडोली कॉलेज मार्ग में कबाड़ सामग्री रखकर अवैध रूप से व्यवसाय संचालित करनें पाये जाने पर कबाड़ व्यवसायी राजा वंशकार एवं दीपक वंशकार पर तीन हजार रूपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इस दौरान प्रभारी कार्यपालन यंत्री अंशुमान सिंह की भी मौजूदगी रही।



प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सिंह नें बताया कि स्थल पर सार्वजनिक मार्ग अवरूद्ध कर अनाधिकृत रूप से कबाड़ का व्यवसाय संचालित किये जानें के कारण कॉलेज जानें वाले छात्रों सहित स्थानीय नागरिकों को आवागमन में असुविधा का समना न करना पड़े इस हेतु नोटिस जारी करते हुए संबंधित कबाड़ व्यसायियों को तीन दिवस के भीतर स्वयं मार्ग से कबाड़ सामग्री हटाकर निगम कार्यालय को सूचित करनें के निर्देश दिए गए है। निर्धारित समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटानें पर निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटानें की कार्यवाही करते हुए क्षतिपूर्ति वसूली की कार्यवाही हेतु भी निर्देशित किया गया है। ज्ञातव्य हो कि नागरिकों की आवागमन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए बुधवार को भी निगम प्रशासन की अतिक्रमण टीम द्वारा तीन स्थलों पर कार्यवाही की गई थी।गुरुवार को संपादित कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह सहित अतिक्रमण दस्ते के अन्य सदस्यों की उपस्थिति रही।

## विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों का पालन करने दिलाई शपथ



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में संविधान दिवस गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर छात्रों को संवैधानिक मूल्यों के पालन का संकल्प दिलाया गया।इस दौरान प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने संविधान दिवस के अवसर पर संबोधित करते हुए कहा कि संविधान भारत की विविधता में एकता का सबसे बड़ा प्रतीक है। यह हर नागरिक को समान अधिकार, स्वतंत्रता और न्याय प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि छात्रों को संविधान के मूल्यों को अपनाकर समाज निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राजनीति विज्ञान की प्राध्यापक डॉ. दिव्या शुक्ला ने संविधान दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 26 नवम्बर के दिन वर्ष 1949 में भारत की संविधान सभा ने भारतीय संविधान को औपचारिक रूप से अपनाया था, जो देश के लोकतांत्रिक इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है।इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक अभिलाषा चौरसिया,डॉ. नीमा सिंह, डॉ. जयश्री शुक्ला, डॉ. अरुणा दास, डॉ. आशीष पाण्डेय, डॉ. जयप्रकाश अवस्थी, डॉ.ईश्वरदीन चौधरी, राजाराम सूर्यवंशी,रहबर रजा मंसूरी सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों व छात्र-छात्राओं ने सहभागिता दर्ज की।

# जल संरक्षण के लिए करें बोरी बँधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक डॉ. तेजसिंह केशवाल व ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह के मार्गदर्शन में नवांकुर संस्था – आयुष जनकल्याण सेवा समिति पटना सेक्टर बाकल की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, मंगेला में संविधान दिवस एवं सेक्टर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच गोकुल प्रसाद लोधी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. तेजसिंह केशवाल ने संविधान के विभिन्न अनुच्छेदों पर प्रकाश डालते हुए ग्रामवासियों को जागरूक किया। उन्होंने पारंपरिक छत्री धान की खेती को पुनर्जीवित करने हेतु प्रेरित किया।

उन्होंने बताया कि पूर्व में मंगेला-पटोरी क्षेत्र को छत्री धान का कटोरा कहा जाता था, किंतु आज इसकी प्रजाति विलुप्ति की ओर है, जिसे बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है!इसके पश्चात ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह ने "बंद मुट्ठी लाख की, खुल जाए तो खाक की" कहावत के माध्यम से आपसी एकता, सौहार्द और ऊँच-नीच के भेदभाव को त्यागकर समाज में मेलजोल बढ़ाने का संदेश देते हुए जल संरक्षण करने के लिए श्रमदान से बोरी बंधान का संदेश दिया।



उन्होंने कई प्रेरक उदाहरणों द्वारा सहयोग एवं समरसता का महत्व समझाया।परामर्शदाता अवधेश बैरागी द्वारा संविधान के प्रारूपों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा उपस्थित जनसमुदाय को संविधान की शपथ का वाचन कराते हुए शपथ दिलाई। इसके बाद सरपंच गोकुल पटैल ने ग्राम विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की और इनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की। संचालन सेक्टर बाकल प्रभारी धनीराम लोधी ने किया

इस दौरान सुश्री नेहा अग्रवाल, रामभरोस पटेल,शंकरलाल लोधी, नरेश कुमार, सौरभ चौधरी, अभिषेक रजक, मनोहर लोधी सहित अन्यजनों की उपस्थिति रही।

मुरवारी से पोड़ी सड़क निर्माण नहीं होने से ग्रामीण हो रहे परेशान

# राशि स्वीकृत होने के 2 वर्ष बाद भी नहीं बनी सड़क, तो क्या हो गई घपलेबाजी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा विकासखंड में मुरवारी से पोड़ी सड़क निर्माण कार्य बीते दो सालों से अधर में लटका हुआ है। राशि स्वीकृत हो जाने के बाद भी यह कार्य क्यों नहीं हो रहा है इसको लेकर तरह तरह की चर्चाएं चल रही हैं। ग्रामीणों के बीच इस बात की चर्चा सरगर्म है कि कहीं राशि का गोलमाल तो नहीं हो गया जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। निर्माण से जुड़ा ठेकेदार लगातार कार्य प्रारंभ ही नहीं कर रहा है और न ही संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा कोई जांच कार्यवाही की जा रही है जिससे संदेह और गहरा हो गया है।



जानकारी के अनुसार तत्कालीन कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मुरवारी–पोड़ी मार्ग के निर्माण के लिए 32 लाख 49 हजार रुपये की राशि वर्ष 2023 में ही स्वीकृत कर दी गई थी। यह सड़क ढीमरखेड़ा क्षेत्र के कई गांवों को जोड़ती है और ग्रामीणों के दैनिक आवागमन, कृषि परिवहन, छात्रों की पढ़ाई तथा स्थानीय व्यापार के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। सड़क का निर्माण 2023 में शुरू कर पूरा किया जाना था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी कोई काम शुरू नहीं हो पाया। ग्रामीण बताते हैं कि कई बार विभागीय अधिकारियों उपयंत्री से लेकर सहायक यंत्री तक से संपर्क किया गया, लेकिन जवाब हमेशा एक जैसा ही मिला सामग्री उपलब्ध नहीं हैं, बारिश के बाद काम शुरू होगा, जांच चल रही है।

ग्रामीणों की शिकायतों के बाद विभाग की ओर से एक प्रारंभिक जांच की गई, जिसमें ठेकेदार पर गंभीर अनियमितताओं के आरोप सिद्ध हुए। बताया गया कि काम शुरू होने से पहले ही कई नियमों को ताक पर रखकर फर्जी तरीके से निर्माण प्रक्रिया चालू की गई थी जिसमें घटिया सामग्री की आपूर्ति, मापदंडों को दरकिनार करना और कागज़ों में प्रगति दिखाना शामिल था। जांच में अनियमितताएँ सामने आने के बाद कार्य तत्काल रोक दिया गया। लेकिन ठेकेदार पर कोई कार्रवाई हुई और न ही नए ठेकेदार की नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई। विभागीय अधिकारियों की लचर कार्यप्रणाली से निर्माण कार्य अधर में लटक कर रह गया जबकि ग्रामीणों की आवागमन में खासी फजीहत हो रही है।

महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे भारतीय संविधान दिवस पर हुआ कार्यक्रम

# संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, हमारे अधिकारों एवं कर्तव्यों का ग्रंथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे बुधवार को भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के तहत संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने कहा कि भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया। संविधान भारत की एकता, अखंडता और प्रगति का मूल आधार है। संविधान सिर्फ एक पुस्तक नहीं, बल्कि हमारे अधिकारों और कर्तव्यों का पवित्र ग्रंथ है। यह समानता, स्वतंत्रता और न्याय का आधार स्तंभ है, जो हमें एकता और अखंडता के सूत्र में बांधता है। हम सभी अपने संवैधानिक और लोकतांत्रिक मूल्यों को आत्मसात करते हुए एक बेहतर भारत के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करें। भारतीय संविधान हमारा गौरव और स्वाभिमान है, जो हमें अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी बोध कराता है। संविधान हमारी आत्मा है ओर इसकी हिफाजत करना हर नागरिक का कर्तव्य है।



कार्यक्रम के अंत मे उपस्थित सभी को संविधान शपथ दिलाई गईं कि संविधान के मूल्यों को सदैव अक्षुण्ण रखेंगे और हम भारत के लोग विकसित तथा आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देंगे। वही डॉ प्रीति यादव के द्वारा संविधान की प्रस्तावना की भूमिका पर प्रकाश डाला गया एवं महत्व को बतलाया। इसके बाद संविधान में मौलिक अधिकारों की महत्व पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता संपन्न कराई गई एवं संविधान पर प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी महाविद्यालय में किया गया। सिमें छात्र -छात्राओं ने सहभागिता की। इस दौरान डॉ किरण खरादी, आशुतोष सोनी, डॉ शैलेंद्र सिंह जाट, डॉ प्रतीक चौबे, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव डॉ सपना द्विवेदी, सुश्री प्रज्ञा तिवारी,डॉ भरत तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ प्रीत नेगी ने किया।



### थाना प्रभारी ने दिलाई शपथ

संविधान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम पर थाना प्रभारी सुदेश कुमार सुमन ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर शपथ दिलवाई ओर संविधान के विषय में जानकारियां छात्र -छात्राओं को दी।

# 6 महीने से बंद पड़ा कार्य, 5 दिसंबर को करेंगे प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी में जल जीवन मिशन का कार्य पिछले पांच से छह महीने से बंद है ।ठेकदार ने मनमर्जी से संगम कॉलोनी रोड को खोदकर छोड़ दिया है । संगम कॉलोनी रोड से लगभग एक दर्जन गांव लोग का आना जाना होता है रोड की बीचों बीच रोड खुदी होने के कारण रोज ही छोटे छोटे हादसे हो रहे है। ग्राम के कुछ लोग रोड में गिरने से घायल भी हो चुके है ।कलेक्टर जनसुनवाई में शिकायत के बाद भी पीएचआई चुप्पी साधे है सिलौंडी के अनेक लोगों को नल जल योजना से नया कनेक्शन से घर बैठे पानी मिलने की सुविधा हो जाएगी। अभी गांव के ऊपरी हिस्से में गर्मी में पानी की बहुत दिक्कत होती है पुरानी पाइप लाइन में अनेक जगह लीकेज होने से अनेक परिवार को पर्याप्त मात्रा में पानी नही मिल पा रहा है ।

सिलौंडी सरपंच पंचों संतोष कुमार ने बताया कि ठेकेदार से अनेक बार जल जीवन मिशन का कार्य शुरू करने चर्चा कर चुकी हूं बार बार लेबर ना होने का बहाना कर रहा है ।सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय ने बताया कि मैंने ग्राम पंचायत के समस्त पंच के साथ कलेक्टर जनसुनवाई में जल जीवन मिशन कार्य अधूरा होने की शिकायत किया हूं परन्तु अभी तक ठेकेदार सिलौंडी जल जीवन मिशन का कार्य शुरू नही कर रहा है जिसके कारण पूरा गांव परेशान है। सिलौंडी के जागरूक लोगों ने बताया यदि पी एच आई विभाग 4 दिसम्बर 2025 तक जल जीवन मिशन का कार्य शुरू नही करता तो 5 दिसम्बर 2025 से धरना प्रदर्शन किया जायेगा ।

## खबर संक्षेप

### छत्रसाल महाविद्यालय पन्ना में विधि साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**पन्ना।** छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में दिनांक 27 नवंबर को विधि साक्षरता कार्यक्रम का भव्य आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ एस. डी. चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमान रुपेश शर्मा, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय, पन्ना; विशिष्ट अतिथि श्रीमान राजकुमार गौड़, व्यवहार न्यायाधीश एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पन्ना; तथा विशिष्ट अतिथि श्रीमान अतुल सेन, जिला विधिक सहायता अधिकारी, पन्ना के साथ प्राचार्य डॉ एस. डी. चतुर्वेदी एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ पी. पी. मिश्रा द्वारा मां वीणा वादिनी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। स्वागत भाषण देते हुए प्राचार्य डॉ एस. डी. चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यार्थियों को विधिक जागरूकता प्रदान करना समय की आवश्यकता है, जिससे वे अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों को समझते हुए समाज के प्रति उत्तरदायी नागरिक बन सकें। डॉ चतुर्वेदी ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग के साथ नैतिक आचरण को अपनाएँ, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो सके।

### बताएंगे संघ के कार्य, देंगे भारत माता की तस्वीर

# आरएसएस का एक दिसंबर से घर-घर संपर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है, इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। विगत माह में विजयादशमी से 15 दिनों तक हटा खंड में 15 स्थानों पर पंथ संचलन का कार्यक्रम किया गया था। इसमें सबसे अहम प्रदेश के साथ- साथ क्षेत्र के सभी हिंदू परिवारों के घरों तक जाने का कार्यक्रम है। एक दिसंबर से घर-घर संपर्क अभियान प्रारंभ होगा जो 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें सभी हिंदू घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे। लोगों को आरएसएस के बारे में बताने के साथ ही सभी को भारत माता की तस्वीर भेंट की जाएगी। हटा खंड में आरएसएस के 23 मंडल है जिसमें 251 गांव शामिल हैं और शहरी क्षेत्र में पांच बस्तियां हैं जिसमें 20 मुहल्ले शामिल हैं। दिसंबर माह में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन होगा जिन सम्मेलनों में साधु, संत के साथ समाज के प्रमुखों का मार्गदर्शन मिलेगा। इसी के साथ सालभर लगातार कार्यक्रम होंगे। आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में इसका आगाज विजयादशमी से किया था। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक क्षेत्र में 15 स्थानों पर पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। ऐसा पहली बार हुआ है जब पंथ संचलन का कार्यक्रम पखवाड़े भर चला है।

#### घर-घर जाएंगे, देंगे भारत माता की तस्वीर

संघ के जिला प्रचार प्रमुख विक्रम साहू जी ने जानकारी देते हुए बताया कि एक दिसंबर से 20 दिसंबर तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा। हटा क्षेत्र के हर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक जाएंगे और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी देंगे। लोगों




को संघ का साहित्य भी वितरित किया जाएगा। इसमें एक सशुल्क 15 रुपए की पुस्तक भी होगी जो इसको लेना चाहेगे उनको पुस्तक शुल्क लेकर दी जाएगी, सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर निशुल्क दी जाएगी। इस संपर्क अभियान के माध्यम से लोगों को संघ से जोड़ने का काम किया जाएगा। इसी के साथ संघ की शाखाओं का प्रदेश में विस्तार किया जायेगा।

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन सभी मंडलों पर होगा। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गो के प्रमुख शामिल होंगे।

#### दिसंबर में होंगे हिंदू सम्मेलन

आरएसएस ने हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित करने का फैसला किया है। जिससे हर मंडल व बस्तियों में हिंदू सम्मेलन होंगे। हटा खंड कार्यवाहक मुकेश जी ने बताया, हिंदू सम्मेलन करने का मकसद समाज को संगठित करना है। सम्मेलनों में मंडलों से जुड़े गांवों के लोगों को एक मंच पर लाएंगे। सम्मेलन में साधु, संतों के साथ विभिन्न समाज से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। इसमें इनका मार्गदर्शन मिलेगा।

### बी एल ओ ने बिना किसी सहायक के किया पूर्ण....

## मतदान केंद्र 103 का एसआईआर शत प्रतिशत

**रनेह।** निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष सारांश पुनरीक्षण 2025 के तहत मतदाता सूची का शुद्धिकरण समूचे प्रदेश में जारी है इसी क्रम में मतदान केंद्र क्रमांक 103 बरखेरा चैन विधानसभा 057 हटा जिला दमोह में नियुक्त बी एल ओ ज्योति पटेल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने एस आई आर का कार्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ मतदाता के घर-घर जाकर सुबह से देर रात तक मतदाताओं के रिकॉर्ड की जांच करते हुए सूची को अपडेट किया। मतदाताओं के भरे प्रपत्रों की विधिवत रिसीव भी प्रदान की। मतदान केंद्र क्रमांक 103 बरखेरा चैन बी एल ओ ज्योति पटेल ने बिना किसी सहायक के अकेले सत प्रतिशत किया गया कार्य निरंतर प्रयास और उनकी निष्ठा की सराहना की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एस आई आर के कार्य को पूर्ण करने एक बी एल ओ के साथ पांच से लेकर आठ सहयोगी कार्य करते देखे जा रहे हैं, फिर भी कार्य प्रगति औसत कम नजर आ रही है। बी एल ओ ज्योति पटेल ने बताया कि मैं एसडीएम राकेश मरकाम, नायब तहसीलदार राजेश सोनी, शिवराम चढ़ार के निर्देशन में मास्टर ट्रेनर माधव पटेल, दिनेश प्यासी के मार्गदर्शन में श्रीकांत पटेल पुत्री वैष्णवी के साथ मिलकर बिना किसी शासकीय सहयोगी के सत प्रतिशत करने में सफलता हासिल की। मतदाता सूची का शुद्धिकरण निर्वाचन प्रक्रिया का एक अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है जिससे आगामी चुनाव निष्पक्ष पारदर्शी और सटीक मतदाता सूची के आधार पर संपन्न हो सके। निर्वाचन आयोग के नियम बताते हैं कि मतदाता सूची का समय-समय पर अद्यतन मृतक/डुप्लीकेट प्रविष्टियों को हटाना नहीं, मतदाताओं का पंजीकरण और गलतियों का सुधार लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाता है।



## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर विस्तृत चर्चा आज दोपहर 2 बजे

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्यक्रम अनुसार बूथ लेवल ऑफिसर (BLO) द्वारा 04 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक मतदाताओं के घर-घर (H2H) जाकर गणना फार्म/गणना प्रपत्र भरकर ऑनलाइन दर्ज किये जाने की कार्यवाही संपादित की जायेगी। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य पर विस्तृत चर्चा के लिये आज 28 नवम्बर 25 को दोपहर 1.30 बजे से जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र 07 दमोह के सांसद, पंजीकृत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं प्राधिकृत प्रतिनिधियों, विधानसभा क्षेत्र 54, 55, 56, 57 के विधायक या प्राधिकृत प्रतिनिधियों, नगर पालिका परिषद दमोह, पथरिया, हटा, पटेरा, हिण्डोरिया एवं तेन्दूखेड़ा के समस्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण को उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## स्वयंसेवकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

संकल्प समाज सेवी संस्था दमोह के व्दारा जस्ट राइट फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत भारत सरकार व्दारा संचालित 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत आकांक्षी तेन्दूखेडा.ब्लॉक में स्थित संस्था के कार्यालय में एक दिवसीय स्वयं- सेवकों का उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे उपस्थित स्वयं सेवकों को ओपी तिवारी एव.सन्देश बंसल व्दारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के अंत मे सभी को बाल विवाह रोकने सामुहिक शपथ भी दिलाई गई। इस सम्बन्ध में जिला समन्वयक देवेन्द्र दुबे ने बताया कि



प्रशिक्षण मे तेन्दूखेडा.ब्लॉक के 30 ग्रामों के 60 वालेन्टियरों ने भाग लिया। प्रशिक्षकों ने बताया कि केन्द्र सरकार ने वर्ष 2030 तक भारत को बाल विवाह मुक्त बनाने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान 27 नवबंर 2025 से 08 मार्च 2026 तक 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की विस्तृत कार्य- योजना स्वयं सेवको के साथ बनाई गई। प्रशिक्षण मे मौजूद स्वयं सेवकों व्दारा अपने अपने गाँव-क्षेत्र मे बाल विवाह एवं बाल अपराध एवं कुरितियों को मिटाने व्यापक जन जागरूकता जन आधारित अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। वालेन्टियरों को बच्चों के हितार्थ भारत सरकार व्दारा जारी हेल्पलाइन नं.1098 एवं 112 नं. से सम्पर्क एवं आवश्यकता पर जानकारी भी दी गई। संस्था व्दारा स्वयं सेवकों को अभियान का बैनर, मोमबत्ती, पम्पलेट आदि आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। प्रशिक्षण मे वरिष्ठ कार्यकर्ता सुजात खान, नीति आयोग के कुलदीप जी, कार्यकर्ता दर्शन नामदेव, प्रतिभा लोधी, रितु विश्वकर्मा, मन्नू सिंह, मानसिंह यादव, मनोज रजक सहित 60 स्वयं सेवकों ने भाग लिया।

## हिंदुत्व को संस्कारों से बल, गौ-सेवा है वास्तविक गौरव

**तेंदूखेड़ा।** सेलवाड़ा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिन कथा वाचन करते हुए पंडित बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण महाराज जी ने भक्तों को विविध दिव्य प्रसंगों का विस्तृत वर्णन सुनाया। उन्होंने कहा कि देवी-आराधना में कभी कमी नहीं करनी चाहिए, क्योंकि शक्ति की उपासना जीवन में ऊर्जा, संरक्षण और सकारात्मकता प्रदान करती है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि माता रानी की शोभायात्राओं में अश्लील या अनुपयुक्त गीतों का संचालन नहीं होना चाहिए, क्योंकि धार्मिक वातावरण में गरिमा, शुचिता और भारतीय संस्कृति की मर्यादा को सर्वोपरि माना जाता है। महाराज जी ने कहा—हिंदू का धर्म है कि हिंदुत्व को जीवित रखे; इसके लिए संस्कारों को संजोकर संस्कार वन बनाए, पूजा—पाठ को जीवन का आधार बनाए तथा धर्म को दैनिक आचरण में उतारे।प्रवचन के दौरान उन्होंने बताया कि कलयुग में भगवान हनुमान साक्षात स्वरूप में रक्षा और कृपा प्रदान करने वाले देवता हैं। भक्तों को उनके चरणों में निष्ठा और भक्ति बनाए रखने का संदेश दिया। गिरिराज और इंद्र-क्रोध प्रसंग महाराज जी ने श्रीकृष्ण की रासलीला एवं गोवर्धन-पूजन का विस्तार से वर्णन करते हुए बताया कि जब ब्रजवासियों ने इंद्र-पूजा का त्याग कर गोवर्धन-पूजन आरंभ किया, तो इंद्र देवता क्रोधित हो गए और उन्होंने लगातार प्रचंड वर्षा कर ब्रज में संकट उत्पन्न कर दिया। सभी ब्रजवासी भगवान कृष्ण के पास पहुँचे और बोले—प्रभु, अब हमारी रक्षा कौन करेगा? भगवान ने उत्तर दिया—जिन गोवर्धन पर्वत की तुमने पूजा की है, वही तुम्हारी रक्षा भी करेंगे।॰ इसके बाद भगवान कृष्ण ने अपनी कनिष्ठा उँगली पर गिरिराज पर्वत को धारण कर समस्त ब्रजवासियों की रक्षा की। महाराज जी ने कहा कि गिरधारी नाम भगवान कृष्ण को गिरिराज धारण करने के कारण ही प्राप्त हुआ। गोविंद नाम भी इंद्र ने भगवान को दिया है राजा और प्रजा का वास्तविक संबंध उन्होंने समाज को संदेश देते हुए कहा कि जो राजा प्रजा को अपनी संतान के समान नहीं मानता, वह धर्मसम्मत शासन नहीं कर सकता। समाज का कर्तव्य है कि गौ माता का पालन—पोषण करे और अपने जीवन में करुणा, संरक्षण एवं संवेदनशीलता को स्थान दे। 'गौरवशाली' शब्द का अर्थ महाराज जी ने 'गौरवशाली' शब्द का अर्थ समझाते हुए कहा कि—"जब घरों में गौ-धन होता था, तब वह घर वास्तव में गौरवशाली कहलाता था। गौ—संवर्धन, नैतिकता और सांस्कृतिक मूल्यों का संरक्षण ही भारतीय संस्कृति की वास्तविक पहचान है। कंस वध और श्रीकृष्ण—रुक्मणी विवाह कथा में आगे उन्होंने कंस वध का वर्णन करते हुए इसे अधर्म पर धर्म की विजय का सजीव प्रतीक बताया। साथ ही श्रीकृष्ण—रुक्मणी विवाह का विस्तारपूर्वक गुणगान किया। जहाँ भगवान ने रुक्मणी जी को सम्मानपूर्वक वर-वरण कर धर्म, प्रेम और संकल्प से युक्त आदर्श दांपत्य की स्थापना की।कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर भावविभोर हो उठे।



## बटियागढ़ में युवाओं ने मनाया संविधान दिवस



**बटियागढ़।** संविधान दिवस के अवसर पर बटियागढ़ में अंबेडकर चौराहा पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा पर कैंडल जला कर माल्यार्पण कर संविधान दिवस को मनाया और भारत के आत्म स्वरूप संविधान का निर्माण करने वाले संविधान सभा के सभापति डॉ भीमराव अंबेडकर जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर लक्ष्य के मध्य प्रदेश प्रांत प्रचारक रूपेन्द्र सिंह लोधी ने कहा बाबा साहब ने भारत वर्ष के आत्मिक स्वरूप संविधान का निर्माण किया और उन्होंने अपना जीवन उच्च आदर्शो पर कभी भी सिंधांतो से समझौता न करते हुए जिया और आधुनिक भारत की नींव रखी आज हम सभी को बाबा साहब के उच्च आदर्शो को आत्म सात करते हुए आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा एवं उच्च आदर्शो से परिपूर्ण बनाने में हर संभव कार्य करना होगा। सूरजभान चौधरी सहायक संचालक बीईओ बटियागढ़ ने बाबा साहब के विचारों को आत्मसात कर आगे बढ़ने की बात कही वही सतीश अहिरवार अजाक्स तहसील अध्यक्ष बटियागढ़ ने बाबा साहब के संघर्षशील जीवन के बारे में लोगों को अवगत कराया इस अवसर पर नरेश अहिरवार शिक्षक मंजिश अहिरवार डालचंद चौधरी नीलेश राहुल जितेन्द्र योगेश मोहन गोवेन्द्र और अन्य युवाओं की उपस्थिति रही।

## विद्यालय की छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**हिंडोरिया।** संदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान संकाय की छात्राओं ने इको क्लब के अंतर्गत एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण किया। जिसमें जवेरा के पास रानी दुर्गावती वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र के अंतर्गत अपनी प्राकृतिक सौंदर्य के लिए विख्यात जोगन कुंड नामक स्थान का भ्रमण कर, झरनों को देखा एवं जंगल के वातावरण पर्यावरण से रूबरू होते हुए यहां पर दो पर्वत श्रृंखलाओं के बीच हरियाली से ओत प्रोत सिद्ध धाम में बने मंदिरों में राम लक्ष्मण जानकी, महाकाली, संकट मोचन हनुमान जी की भव्य प्रतिमा के दर्शन किए। इसके साथ ही नोहटा में स्थित नोहलेश्वर मंदिर का अवलोकन किया। शिक्षकों ने यहां पाई जाने वाली औषधि, वृक्षों एवं पशु पक्षियों के बारे में जानकारी दी। इस दरमियान नदी नाले, कुंड, नदी के उद्गम स्थल, पेड़ पौधे, पक्षियों को नजदीक से देखकर छात्राएं काफी खुश हुई। यही। नदी पर फैली चट्टानों पर बैठकर छात्राओं ने जल पान नाश्ता किया। शिक्षक पवन चौरसिया ने छात्राओं को पर्यावरण जागरूकता पर प्रकाश डालते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। शिक्षक शैलेंद्र अग्रवाल ने बताया कि इस भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण, जलवायु और स्वच्छता का संदेश और प्रकृति के बारे में व्यावहारिक शिक्षा प्रदान करना है। उक्त अवसर पर प्रभु नारायण श्रीवास्तव, संतोष पटेल, मंजूलता सूर्यवंशी, निधि पटेल, भावना शर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।



## बीएलओ की मृत्यु पर पुत्र को भृत्य पद पर अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपा



**दमोह।** जिले के ग्राम पठारी के प्राथमिक विद्यालय के शिक्षक स्वर्गीय सीताराम गौंड, जिनका आकस्मिक निधन 22 नवंबर को हुआ था, उनके परिवार को जिला प्रशासन द्वारा त्वरित सहायता प्रदान की गई है। स्वर्गीय गौंड एसआईआर एवं बीएलओ का कार्य भी देख रहे थे। उनके परिवार में तीन बेटियाँ और एक बेटा है, जिनमें से दो बेटियाँ विवाहित हैं, जबकि एक बेटा व एक बेटी अविवाहित है। परिवार की इच्छा के अनुरूप उनके पुत्र अंकेश सींग पोरते को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय लिया गया था। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने अनुकंपा नियुक्ति आदेश प्रदान करते हुये व्यक्त किये। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रशासन ने वादा किया था कि 30 नवंबर तक प्रक्रिया पूरी कर दी जाएगी, लेकिन तय समय से पहले ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करते हुए अनुकंपा नियुक्ति-पत्र सौंप दिया गया है। अब स्वर्गीय गौंड के बेटे को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बॉदकपुर में भृत्य के पद पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। साथ ही, मृतक शिक्षक की बेटी को भी निजी क्षेत्र में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न नियोक्ताओं से मिलाया गया है। उन्होंने इसमें रुचि दिखाई है और जल्द ही निर्णय लेने पर उन्हें अवसर उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. नेमा और नायब तहसीलदार आशुतोष गुप्ता ने तेजी से कार्यवाही करते हुए मात्र 5 दिन में अनुकंपा नियुक्ति का केस क्लियर कर दिया। उन्होने कहा 30 नवंबर तक सभी लंबित भुगतान भी परिजनों को सौंप दिए जाएंगे।

## एसआईआर सर्वे को लेकर राज्य मंत्री ने कार्यकर्ता से की चर्चा

**तेंदूखेड़ा।** नगर के डाक्टर जेपी खरे की अस्पताल के सभा हाल में भाजपा के तीनो मंडलो जिनमें तेंदूखेड़ा, तारादेही, एवं तेजगढ मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे के अलावा जिला की पदाधिकारियों ने वर्तमान में चल रहे एसआईआर सर्वे को लेकर कार्यकर्ताओ से चर्चा की। राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहा है कि वर्तमान में एसआईआर सर्वे में जवेरा विधान सभा प्रथम स्थान पर है। लगभग 92 प्रतिशत सर्वे हो चुका है। सिर्फ 8 प्रतिशत सर्वे बचा है और यही परीक्षा की घड़ी है। अब ऐसे लोग बचे है जो बाहर काम करने गए है या फिर वाहरी है। अब सिर्फ हमारे कार्यकर्ताओ को इसी पर ध्यान देना है। जो मतदाता क्षेत्रीय है उनका निरीक्षण कर उनके नाम जुडवाना है जो बाहर के लोग है उन लोगो पर ध्यान देना है। सांसद राहुल सिंह ने एसआईआर सर्वे का मतलब समझाते हुए कहां कि अब जो एसआईआर होने के बाद जो मतदाता सूची बनने बाले है वह सिर्फ एक ही मतदाता सूची बनेगीं। उस सूची से पंच से लेकर पालियामेंट तक चुनाव होना है। एसआईआर के जिला प्रभारी सदानंद गौतम ने संगठन को लेकर चर्चा की साथ ही कहां कि सिर्फ 7 दिन एसआईआर के बचे है। इस दौरान सभी मंडल अध्यक्ष अपने अपने शक्ति केंद्रो पर जाकर सभी कार्यकर्ताओ की बैठकर लेकर एसआईआर पर चर्चा करे। बचे शेष नामो का परीक्षण करेगें। जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने विधान सभा के पुराने चुनावो में और अभी हुए चुनाव में कुल मतदाताओ की संख्या की जानकारी देते हुए कहां कि इस बार मतदाताओ की संख्या बडेगीं। एसआईआर के जवेरा विधान सभा प्रभारी सतेन्द्र सिंह लोधी ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन चेतन जैन ने किया। बैठक तारादेही मंडल अध्यक्ष मनोहर लोधी सांसद प्रतिनिधि मूरत सिंह वरिष्ठ नेता पंडित रमेश तिवरी परम सिंह युवा मोर्चा अध्यक्ष शुभम जैन पूर्व मंडल अध्यक्ष व किसान मोर्चा गोविन्द यादव, महेश यादव विधायक प्रतिनिधि राजू रसियां विवेक जैन नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सतेन्द्र जैन विधायक प्रतिनिधि चेतन जैन सहित कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।



## दो दिवसीय चंडी मेला का विधि विधान से हुआ शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

ग्राम बनवार में आयोजित पारंपरिक दो दिवसीय चंडी मेला का शुभारंभ आज दोपहर विधि-विधान के साथ हुआ। ग्रामीणों और अतिथियों की उपस्थिति में मां चंडी के चबूतरे पर पूजा-अर्चना की गई। पूजा पश्चात मेले के मुख्य आकर्षण—ग्वाल समुदाय का दिवारी नृत्य—ने शाम को पूरे वातावरण में उल्लास भर दिया। मेले में इस वर्ष भी पूरे चौबीसा भर से ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए और चंडी मेला का आनंद उठाया। दूर-दूर से पहुंचे ग्रामीणों की मौजूदगी ने मेले को और अधिक भव्यता प्रदान की। मेले के परिसर में घर-गृहस्थी की सामग्री, बच्चों के खेल-खिलौने, मिष्ठान, झूले और खान-पान के कई स्टॉल सजाए गए हैं। दोपहर से शुरू हुई भीड़ शाम तक और बढ़ गई, जिससे पूरा क्षेत्र उत्सव के माहौल में सराबोर हो गया। सांस्कृतिक विरासत से जुड़े इस मेले में लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर भाईचारे और सौहार्द की मिसाल पेश की। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों में मेले को लेकर खास उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणों के अनुसार, चंडी मेला सामाजिक एकता, लोक संस्कृति और परंपरा का जीवंत प्रतीक है, जिसे हर वर्ष बड़ी आस्था और उत्साह के साथ मनाया जाता है।



## प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ जाना संविधान का महत्व

**दमोह।** देश के संविधान दिवस पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नेतृत्व में शहर के बेलाताल तालाब स्थित पार्क में बने ओपन थियेटर में एक विस्तृत एवं प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान की मूल भावना, उसके निर्माण, उसकी संरचना एवं नागरिकों के अधिकारों-कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संविधान सभा के सदस्यों की तरह जिले के विभिन्न स्कूलों से आए 299 छात्र-छात्राओं ने मंच पर एक साथ बैठकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। यह दृश्य न केवल आकर्षक रहा बल्कि बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ और सम्मान को भी दर्शाता रहा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, इसके निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान, संविधान के मूल ढांचे, उसके 22 भागों, 12 अनुसूचियों और 395 मूल अनुच्छेदों से संबंधित विविध जानकारियों को आकर्षक बैनरों, पोस्टरों और मॉडलों के रूप में प्रदर्शित किया गया। इस प्रदर्शनी में उपस्थित लोगों को संविधान की गंभीरता और व्यापकता को समझने का अवसर दिया। अतिथियों ने कहा कि संविधान सिर्फ एक किताब नहीं, बल्कि देश के हर नागरिक के अधिकारों, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है। ऐसे आयोजनों से आगामी पीढ़ी में संविधान के प्रति जागरूकता और राष्ट्र के प्रति दायित्वबोध बढ़ता है।कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता गौरव पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फूलपागरे, पं. नरेंद्र दुबे, नरेंद्र बजाज, डीओ खाद्य सुरक्षा राकेश अहिरवार, जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, एमएलबी शाला के प्राचार्य आलोक सोनवलकर, सुशील नामदेव, मोहन राय हरीश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए विद्यार्थियों की मेहनत की सराहना की। इस आयोजन में अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से एक प्रदर्शनी भी लगाई गई।



## खबर संक्षेप

### संविधान दिवस पर युवा सम्मान समारोह

**दमोह।** युवा अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन के तत्वाधान में 26 नवंबर संविधान दिवस पर ग्राम बालाकोट में युवा सम्मान समारोह कार्यक्रम रखा गया। जिसमें युवाओं को मैडल एवं प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया मुख्य अतिथि मोहनीश राव युवा जिलाध्यक्ष रविदासिया धर्म संगठन दमोह के द्वारा संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया गया एवं विशिष्ट अतिथि सुनील आनंद जी के द्वारा संविधान को विस्तार से बताया विशिष्ट अतिथि धीरज अहिरवार पत्रकार जी ने संबिधान के मूल अधिकार को बताया विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुभम आनंद जी के द्वारा संविधान की शपथ दिलाई गई एवं युवा ग्रामीण जिलाध्यक्ष रामशंकर बौद्ध जी ने आभार व्यक्त किया। उमेश, कारन, काशीराम, सोनू, मोती, देवेंद्र, डालचंद, पवन, रामू, बल्लू, दीपक, अजय, भारी संख्या में ग्रामीण युवाओं की उपस्थिति रही।

### दोनों बैठकों का आयोजन 9 दिसम्बर को

**दमोह।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (DLCC) एवं जिला स्तरीय समीक्षा (DLRC) दोनों बैठकों का आयोजन 09 दिसम्बर को क्रमशः अपरान्ह 05 बजे एवं 06 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर की अध्यक्षता में किया जायेगा।

आनंदधाम में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद्भागवत कथा एवं संत समागम में उमंड़ रहे श्रद्धालु

# प्रभु की भक्ति कुंती और भीष्म की तरह निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए - दंडी स्वामी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

आनंदधाम पुरेनहाउ जबेरा में दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज के सानिध्य में श्री शतचंडी महायज्ञ, श्रीमद् भागवत कथा एवं संत समागम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जबेरा सहित आसपास के ग्रामों के सैकड़ो श्रद्धालुजन सम्मिलित होकर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं। श्रीमद् भागवत कथा के द्वितीय दिवस कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने श्रोताओं को कुंती, भीष्म स्तुति का भावविभोर कर देने वाला प्रसंग श्रवण कराते हुए बताया कि प्राणी अपने लिए भगवान से केवल सुख संपत्ति मांगता है लेकिन कुंती ने भगवान श्रीकृष्ण से दुख और विपक्ति मांगने की प्रार्थना करती हैं ताकि वह भगवान को कभी ना भूले और सुख के क्षणों में वह भगवान को भूल न जाए क्योंकि मनुष्य सुख में भगवान को भूल जाता है और दुख में ही उसे ईश्वर याद आता है। कथा व्यास ने बताया कि महाभारत युद्ध के बाद भगवान श्री कृष्ण द्वारका के लिए प्रस्थान करते हैं भगवान को जाने से रोकने के लिए कुंती उनके रथ के सामने खड़ी होकर भगवान श्री कृष्ण की स्तुति करती है। जिसमें वह पहला श्लोक कहती है कि ₹नमस्यों पुरुषं त्वाघमीश्वरं प्रकृतेः परमं अलक्ष्यं सर्वभूता नामन्त बहिर्म्मतीर₹अर्थात हे आदिपुरुष ईश्वर मैं आपको प्रणाम करती हूं जो प्रकृति से परे सभी जीवो के भीतर और बाहर स्थित है। कुंती की स्तुति से प्रसन्न होकर श्री कृष्णा उनसे वरदान मांगने को कहते हैं तो कुंती भगवान से प्रार्थना करती है कि आप मुझे कुछ देना चाहते हैं तो प्रभु दुख और विपत्ति दीजिए ताकि आपकी भक्ति और स्मरण हमेशा बना रहे। वही भीष्म स्तुति का प्रसंग श्रोताओं को श्रवण कराते हुए कथा व्यास ने बताया कि बाणों की शय्या पर लेटे हुए भीष्म पितामह अपने जीवन के अंतिम क्षणों में शरीर त्यागने से पहले अपनी बुद्धि मन वाणी और दृष्टि को भगवान में लीन करते हुए श्रीकृष्ण की सुंदरता को उनकी लीलाओं को और पांडवों के प्रति उनकी कृपा का वर्णन करते हुए भीष्म ने अपनी आत्मा को कृष्ण में लीन कर दिया और शांत भाव से अपने प्राण त्याग दिए जिससे देवतागण आकाश से पुष्प वर्षा करने लगे। कथा व्यास दंडी स्वामी नर्मदानंद सरस्वती जी महाराज ने बताया कि भगवान की भक्ति कुंती और भीष्म पितामह की तरह निस्वार्थ भाव से करनी चाहिए चाहे सुख हो या दुख हर क्षण ईश्वर का स्मरण करते रहना चाहिए जीवन में जो भी घटित हो अपने प्रभु की इच्छा मानकर ईश्वर पर भरोसा बनाए रखें वह हमेशा रक्षा करेगा।

# काली बाई ने देहदान कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

मानवता और सामाजिक सेवा की मिसाल पेश करते हुए संत रामपाल महाराज की शिष्या ग्राम रनेह, तहसील हटा, जिला दमोह निवासी कलीबाई कोरी का देहदान उनके परिवार द्वारा नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में किया गया। मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। जो अमूल्य योगदान और उनके त्याग को समर्पित था। कलीबाई कोरी के पति रामचरण कोरी और बेटे काशीराम कोरी ने बताया कि संत रामपाल महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित होकर यह महत्वपूर्ण कदम उठाया। उनका कहना है कि परिवार के इस निर्णय से आने वाली पीढ़ियों को चिकित्सकीय शिक्षा और शोध में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। देहदान प्रक्रिया मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी विभाग में पूरी की गई, जहां प्रो. राजेंद्र कुशवाहा, पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ. बीके गुहा और डॉ. वंदना पुनासे उपस्थित रहे। चिकित्सकों ने बताया कि देहदान जैसे कदम मेडिकल छात्रों को वास्तविक शरीर रचना का अध्ययन करने में अत्यंत सहायक होते हैं और भविष्य के चिकित्सकों के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं। उल्लेखनीय है कि संत रामपाल महाराज द्वारा प्रेरित देहदान और मानव सेवा के अभियान समाज में लगातार जागरूकता बढ़ा रहे हैं।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण बैठक में शामिल हुए



**दमोह।** प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग के राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री लखन पटेल पथरिया विधानसभा के मंडल अजबधाम (फतेहपुर) में भारतीय जनता पार्टी के बीएलए-2, बूथ अध्यक्ष और मंडल पदाधिकारियों के साथ मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) को लेकर आयोजित बैठक में शामिल हुए। उन्होंने बैठक में मतदाता सूची के शुद्धिकरण, बूथ स्तर की तैयारियों तथा पुनरीक्षण कार्य की प्रगति पर विस्तार से कार्यकर्ताओं से चर्चा की। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा हमारा प्रयास प्रत्येक पात्र नागरिक मतदाता सूची में शामिल करना है। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्री करण सिंह, मंडल अध्यक्ष श्याम गर्ग सहित पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## 11 माह से फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह देहात थाना पुलिस ने 11 माह से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा। प्राप्त जानकारी के अनुसार 11/01/25 को मुखबिर की प्राप्त सूचना पर ग्राम मुडिया मे कार क्रं. MP-37-C-1533 से 20 पेटी लाल मसाला शराब 1000 पाव प्रत्येक पाव 180ML कुल 180 लीटर कीमती करीब 36000/रु जप्त कर नामजद 04 आरोपियो के विरूद्ध थाना दमोह देहात जिला दमोह मे अपराध क्रं. 36/2025 धारा 34(2) , 42 आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। प्रकरण मे तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था प्रकरण का अन्य आरोपी कमलेश पटैल पिता रामदास पटैल उम्र 38 साल नि. पाटन महगुवा थाना पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.) घटना दिनांक से फरार था । बरिष्ठ अधिकारियो के द्वारा फरार आरोपियो की गिरफ्तारी हेतु लगातार निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देश के पालन मे थाना प्रभारी थाना दमोह देहात के द्वारा टीम गठित कर मुखबिर की प्राप्त सूचना पर फरार आरोपी कमलेश पटैल पिता रामदास पटैल उम्र 38 साल नि. पाटन महगुवा थाना पाटन जिला जबलपुर (म.प्र.) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। फरार आरोपी की गिरफ्तारी मे थाना प्रभारी दमोह देहात निरीक्षक रचना मिश्रा , प्रआर. राकेश मिश्रा , प्रआर. डेलन सिंह , आर. जागेश्वर मिश्रा , आर. दीपक का सराहनीय योगदान रहा।

# पुलिस अधीक्षक ने की अपराध नियंत्रण व ट्राफिक व्यवस्था की जमीनी पड़ताल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

मप्र के मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के कानून व्यवस्था को लेकर सख्त तेवरों तथा निर्देश का असर दमोह में भी देखने को मिला है। पुलिस के मैदानी अमले के साथ वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वयं सड़क पर घूमकर ट्राफिक व्यवस्था से लेकर पार्किंग की जमीनी हकीकत देखी। राहगीर दुकानदारों से संवाद करते हुए चर्चा के साथ समझाईस भी दी। पुलिस अधिकारियों को अपने बीच पाकर लोग अपनी समस्याओं को बताने के साथ अपेक्षा जताने से भी नही चुके। एसपी की इस मुहिम से उम्मीद की जा रही है कि आए दिन होने वाली चाकूबाजी उठाईगिरी गुंडागर्दी की घटनाओं के साथ सार्वजनिक स्थलों पर शराबखोरी के हालातों पर अंकुश लगेगा। पुलिस के इस जन अभियान की कहानी जानते है एसपी श्रुत कीर्ति सोमवंशी की जुबानी। पुलिस अधीक्षक ने शनिवार को शहर की मुख्य सड़कों पर स्वयं उतरकर कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण और यातायात व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न केवल विभिन्न चौराहों पर पुलिस तैनाती और गश्त व्यवस्था की समीक्षा की, बल्कि आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव भी सुने।

### अपराध रोकथाम पर फोकस.

एसपी ने शहर के संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अचानक पहुंचकर पेट्रोलिंग दलों की उपस्थिति, रात्रि गश्त, सीसीटीवी कवरेज और बीट प्रणाली की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों-कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि संदिग्ध व्यक्तियों एवं आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों पर कड़ी नजर रखी जाए और किसी भी सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। एसपी ने थाने और चौकियों के प्रभारी अधिकारियों से हाल के अपराधों, लंबित प्रकरणों और वारंट तामिली की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्देशित किया कि महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और व्यापारियों की सुरक्षा को प्राथमिकता में रखकर गश्त रूट और समय सारिणी तय की जाए।

### यातायात चालान और जागरूकता अभियान

निरीक्षण के दौरान एसपी ने यातायात पुलिस के साथ मिलकर प्रमुख चौराहों पर वाहन चेकिंग में हिस्सा लिया और बिना हेलमेट, ओवरलोडिंग, बिना सीट बेल्ट, गलत पार्किंग एवं अन्य नियम उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करवाई। उन्होंने चालान की कार्रवाई को केवल दंडात्मक न मानते हुए इसे सड़क सुरक्षा के लिए आवश्यक सुधारात्मक कदम बताया। एसपी ने दोपहिया वाहन चालकों से कहा कि हेलमेट और चार पहिया चालकों के लिए सीट बेल्ट केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए अनिवार्य हैं। साथ ही उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से अपील की कि नाबालिग बच्चों को किसी भी स्थिति में वाहन न सौंपें और स्कूल-कॉलेज के समय पर विशेष सावधानी बरतें। एसपी ने यह भी कहा कि आने वाले दिनों में शहर और बाहरी क्षेत्रों में ऐसे संयुक्त अभियान नियमित रूप से चलाए जाएंगे, जिनमें अपराधियों पर सख्त कार्रवाई के साथ-साथ आम नागरिकों को कानून, अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक किया जाएगा।

### आमजन से किया संवाद

गश्त के दौरान एसपी ने बाजार क्षेत्र, बस स्टैंड, मुख्य चौराहों और आवासीय इलाकों में रुककर स्थानीय नागरिकों, दुकानदारों, ऑटो एवं बस चालकों से सीधे बातचीत की। लोगों ने ट्रैफिक जाम, गलत पार्किंग,



कुछ स्थानों पर पर्याप्त रोशनी की कमी जैसी समस्याएं साझा कीं। एसपी ने मौके पर ही नगर और यातायात पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और नागरिकों को भरोसा दिलाया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए ठोस और समयबद्ध कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने लोगों को प्रोत्साहित किया कि वे किसी भी आपराधिक गतिविधि, संदिग्ध वाहन या व्यक्ति की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने से बचें। अपने निरीक्षण और संवाद के अंत में एसपी ने कहा कि अपराध नियंत्रण और दुर्घटना रोकथाम तभी प्रभावी हो सकती है, जब पुलिस और जनता दोनों साझेदारी के भाव से काम करें। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि कानून का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है और पुलिस का उद्देश्य लोगों में भय नहीं, बल्कि विश्वास और सुरक्षा की भावना पैदा करना है।

# भाजपा ने की मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा




विधानसभा क्षेत्र जबेरा के ग्राम नोहटा में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण 2025 एस आई आर की बैठक मंडल जबेरा,नोहटा, संग्रामपुर,तेंदूखेड़ा ,तारादेही,तेजगढ़, बनवार क्षेत्र की संपन्न हुई जिसमें जबेरा विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की विधानसभा प्रभारी बी एल ए सत्येंद्र सिंह ने उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं की समक्ष जानकारी देते हुए बताया कि अभी तक विधानसभा क्षेत्र में 92% कार्य संपन्न हुआ है विधानसभा क्षेत्र की यह प्रगति जिले की सभी विधानसभाओं से आगे है भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिव हरे ने कहा कि हम जल्दी ही 8% कार्य और पूर्ण करवाती हैं तो विधानसभा का कार्य पूर्ण होगा। भाजपा संगठन जिला प्रभारी सदानंद गौतम ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं से कहाकि हम सभी संकल्प लेने की कोई भी मतदाता शेषन रह जाए उसकी मदद करें एवं सर्व संपन्न कराए।

सांसद राहुल सिंह ने कहा कि हम ऐसे लोगों की जानकारी प्राप्त करें जो बाहर है किसी अन्य जगह रह रहे हैं हम उन सभी की जानकारी प्राप्त करें और बी एल ए को भी अवगत कराए। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि इस महत्वपूर्ण बैठक में हमने मतदाता सूची के अध्ययन, एवं उसे शुद्ध बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। हमने मतदाताओं से आग्रह किया कि वे अपने नाम की जांच करें और आवश्यक होने पर नाम जोड़ने, संशोधन करने के लिए आगे आए यह बैठक हमारे लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है हम सभी से अपील करते हैं कि वह इस प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग ले और अपने मताधिकार का उपयोग करें।

# स्वास्थ्य केंद्र में शुद्ध पेयजल तक की व्यवस्था नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया



स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा की समस्या से मरीजों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र परिसर में मरीजों के हितार्थ लगा आरओ प्यूरीफायर मशीन का पाइप काफी दिनों से खराब है। लेकिन लगता है इसकी मरम्मत कराने की सुध लेने वाला केन्द्र मे कोई नहीं है। स्वास्थ्य केंद्र में पीने का पानी नहीं मिलने से बेचारे मजबूर मरीज एवं इनके तीमारदार तथा परिवारजन इधर-उधर से प्रति दिन पीने के लिये पानी लाने मजबूर हैं। कई मरीजो को तो अनावश्यक पैसे खर्च कर पीने का पानी खरीद कर लाना पड़ रहा है। जहां एक ओर मरीज अपनी बीमारी से पहले से ही परेशान है। वहीं दूसरी ओर अब इनको पीने का पानी भी दुकानों से ना चाहकर भी मजबूरन खरीद कर पीना पड़ रहा है। इस केंद्र पर मौजूद अनेक महिलाओं ने बताया कि यहां पर पेयजल की व्यवस्था नहीं है।हम लोग बाहर से बोतल खरीदकर पानी पी रहे है। इस केंद्र मे प्रसव पीड़ित महिलाएं और बच्चों का टीकाकरण कराने के लिए भी लोग पहुंचते हैं। कुल मिला कर काफी बड़ी संख्या में लोगों का इस केंद्र पर प्रतिदिन आना-जाना लगा रहता है। नगर के बड़ी सैर निवासी बिहारी पटेल ने बताया कि हमारे पुत्र सीताराम की तबीयत खराब हो गई थी। जिसे स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती किया गया। लेकिन यहां पर वार्ड के पास मरीजों के लिये शुद्ध पेयजल के लिए आरओ सिस्टम लगाया है। लेकिन आरओ में से पानी सप्लाई नहीं हो रही है। यह करीब दो सप्ताह से अधिक समय से बंद पड़ा है। हमें मजबूरन 20रू की पानी की बोतल दुकान से खरीद ना पड़ रही है। यहां पर निःशुल्क शुध्द पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने में वर्तमान अस्पताल प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है। हीरालाल सोनी एवं नरू चौरसिया ने बताया कि अस्पताल परिसर में दो-दो आरओ प्यूरीफायर मशीन लगी हुई हैं। किंतु दोनों ही बंद पड़ी हुई है। यहां पर आने वाले लोगों को शुद्ध पेयजल के लिए रोज काफी परेशान होना पड़ता है। फिलहाल यहां पर पुराने कुएँ से पानी सप्लाई किया जा रहा है। अस्पताल प्रशासन इस पर ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में केन्द्र के बीएमओ अमित मिश्रा का कहना है कि पाईप खराब हो गया था। हमनें प्रकाश त्रिपाठी को पाईप लाने बोल दिया है। सम्भवतः एक- दो दिन में आरओ प्यूरीफायर मशीन ठीक हो जायेगी। एवं मशीन से शुध्द पेयजल उपलब्ध होने लगेगा।

# शिक्षक ब्लैकमेलिंग और सुसाइड मामले में न्यायालय ने तीन को आरोपी बनाने नोटिस देने दिये निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

अनुविभाग हटा तहसील के एक शिक्षक की विगत माह जून 2025 में आगजनी में हुई दुर्दांत मौत ने पूरे सूबे को हिला कर रख दिया था और अंदरखाने से आरटीआई के जरिये ब्लैकमेलिंग रेकिट की बातों के चलते पूरे घटनाक्रम को जोड़कर देखा जा रहा था। इस मामले में तफ्तीश के बाद हटा पुलिस ने जितेंद्र भट्ट और हरिशंकर दीक्षित को आरोपी बनाते हुए जेल भेज दिया था जहां वो आज भी जेल में ही हैं, वहीं अपनी तफ्तीश में एक पत्रकार के विरुद्ध विवेचना जारी रखी थी। हटा न्यायालय में अमर सिंह बघेल की अदालत में चल रहे इस मामले में मृतक शिक्षक राजेश त्रिपाठी के परिजनों की साक्ष्य में जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी प्रशांत ठाकुर एवं दिनेश नाम के व्यक्ति का नाम भी घटना में शामिल होने वाले के तौर पर आया जिस पर हटा के अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया के न्यायालय में अतिरिक्त आरोपी बताया कि पीड़ति परिवार की ओर से अतिरिक्त आरोपी बनाए जाने दिए गए। आवेदन पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए, प्रशांत सिंह ठाकुर सहायक परियोजना अधिकारी जिला पंचायत दमोह, एवं दिनेश नामक व्यक्ति के विरुद्ध अपराध में संज्ञान लेते हुए हाजिर होने सूचना पत्र जारी किए जाने का आदेश जारी किया है। न्यायालय मामले में अन्य आरोपियों के विरुद्ध साक्ष्य के आधार पर संज्ञान लेने में सक्षम है साथ ही ऐसे बनाये गए आरोपियों पर दण्ड एवं विचारण का वही प्रभाव होता है जैसा नामजद प्रकरणों में। दरअसल इन आरोपियों द्वारा एकराय होकर आरटीआई से प्राप्त जानकारी के एवज में ब्लैकमेलिंग कर राशि वसूलने एवं आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने के आरोप साक्ष्य में आये हैं जिसके चलते शिक्षक ने आग लगाकर आत्महत्या कर ली थी।

# विश्व विजेता सुषमा को पीएम मोदी और राहुल गांधी ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार





दमोह जिले के जबेरा क्षेत्र के छोटे से गांव घाना मैली की बेटी सुषमा पटेल ने दृष्टिबाधित महिला T20 विश्वकप में शानदार प्रदर्शन कर भारत को विश्व चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके इस ऐतिहासिक योगदान के बाद देश के शीर्ष नेतृत्व ने सुषमा को विशेष रूप से सम्मानित किया। विश्व विजेता टीम से मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खिलाड़ियों से आत्मीय बातचीत की और उनके संघर्ष, यात्रा और उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जाना। मुलाकात के दौरान प्रधानमंत्री ने टीम का उत्साह बढ़ाते हुए अपने हाथों से खिलाड़ियों को मिठाई (लड्डू) खिलाकर सम्मानित किया। सुषमा ने इसे अपने जीवन का सबसे यादगार और प्रेरणादायक क्षण बताया। इसके एक दिन पहले, विजेता टीम की खिलाड़ी सुषमा पटेल ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से भी भेंट की थी। राहुल गांधी ने सुषमा की दृढ़ता, कठिन परिस्थितियों में उनके संघर्ष और विश्वकप में निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि "बुंदेलखंड की यह बेटी देश का मान बढ़ाने वाली प्रेरणास्त्रोत खिलाड़ी है।" इस बीच एक अहम तथ्य यह भी है कि कर्नाटक सरकार ने ब्लाइंड T20 महिला विश्वकप विजेता टीम की प्रत्येक खिलाड़ी को 10-10 लाख रुपये की सहायता प्रदान की है, जबकि अन्य राज्यों की ओर से 2-2 लाख रुपये देने की घोषणा की गई है। लेकिन मजदूर परिवार से आने वाली सुषमा पटेल को अभी तक अपेक्षित आर्थिक सहायता नहीं मिली है, जबकि उसी टीम की बुंदेलखंड की दूसरी खिलाड़ी क्रांति गौंड को मदद प्राप्त हो चुकी है। स्थानीय लोगों व खेलप्रेमियों का कहना है कि जो खिलाड़ी भारत का गौरव बढ़ाएं, उन्हें समान और समय पर सहायता मिलना अत्यंत जरूरी है। प्रधानमंत्री और नेता प्रतिपक्ष से लगातार दो दिनों में मिले सम्मान ने सुषमा तथा पूरी विजेता टीम का मनोबल बढ़ाया है। विश्व मंच पर देश का झंडा ऊँचा करने वाली सुषमा पटेल आज पूरे बुंदेलखंड की प्रेरणा बन चुकी हैं।